


# प्रवेश एवं जानकारी विवरणिका

## Admission & Information Brochure

वर्ष : 2026-27




# शासकीय नवीन महाविद्यालय, कुई-कुकदुर

जिला - कबीरधाम (छ.ग.) 491559


Website : gnckuikukdur.org
Email : kuikukdurcollege@gmail.com

# प्राचार्य की कलम से...




प्रिय विद्यार्थियों,

'' **न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते**'' (इस संसार में दिव्य ज्ञान के समान मनुष्य को पवित्र करने वाला कुछ भी नहीं है) के आदर्श वाक्य के साथ जून 2018 में स्थापित शासकीय नवीन महाविद्यालय, कुई- कुकदूर के शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर परिवेश में आपका स्वागत है। यह महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ साथ उनमें कौशल अभिवृद्धि, सम्प्रेषण क्षमता का विकास, मानव निर्माण तथा मूल्यपरक शिक्षा प्रदान करने हेतु कृतसंकल्पित है। महाविद्यालय में उपलब्ध आधारभूत संसाधनों का समुचित एवं अनुकूलतम उपयोग करते हुए विद्यार्थियों को 21वीं सदी के भारत के समर्थ सशक्त एवं संयमित युवा के रूप में विकसित करते हुए ''विकसित भारत 2047'' की परिकल्पना को साकार करना मूल उद्देश्य है।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय बी.ए., विज्ञान संकाय में बी.एस.सी. एवं वाणिज्य संकाय में बी.काम. के पाठ्यक्रम संचालित है। इन पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को अपने संकाय से अलग संकाय के एक विषय को (जो महाविद्यालय में संचालित हैं) एवं महाविद्यालय में समय समय पर संचालित कौशल उन्नयन पाठ्यक्रम तथा मूल्य संवर्द्धन पाठ्यक्रम को चयन करने की स्वंतत्रता है। क्षमता उन्नयन पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी हिन्दी, अंग्रेजी एवं पर्यावरण अध्ययन के विषयों का ज्ञानार्जन कर सकेंगें।

स्नातकोत्तर स्तर पर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के अंतर्गत रसायनशास्त्र तथा कला संकाय के अंतर्गत राजनीति विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र एवं हिन्दी के पाठ्यक्रमों का अध्यापन कार्य संपादित किया जाता है ।

महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के परिषदों के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन के साथ उनके व्यक्तित्व के विकास की ओर ध्यान दिया जाता है। विद्यार्थियों को टेक्नॉलाजी में दक्ष बनाने हेतु कम्प्यूटर लैब के माध्यम से लघु पाठ्यक्रम भी संचालित किए जाते हैं जो पूर्णत: नि:शुल्क हैं। शारीरिक विकास हेतु योग एवं व्यायामशाला के साथ बैडमिंटन कोर्ट, कैरम स्पेस, शुद्ध पेयजल, गर्ल्स कॉमन रूम, साफ सुथरा प्रसाधन कक्ष, व्यवस्थित प्रयोगशाला, व्यवस्थित ग्रंथालय, विभिन्न विषयों के परिषद, इंग्लिश क्लिनिक, इंग्लिश स्पीकिंग क्लब, विद्यार्थियों के क्षमता उन्नयन हेतु विद्यार्थी विकास कार्यक्रम इत्यादि की सुविधा भी उपलब्ध है।

महाविद्यालय के प्रांगण में भारतीय ज्ञान परंपरा को मूर्तरूप देने के उद्देश्य से ''गुरूकुल'' की परंपरा को साकार करते हुए ''सरस्वती मुक्ताकाश मंच'' की स्थापना की गई है जहां विद्यार्थी अन्यान्य विषयों पर शिक्षकों से चर्चा कर सकते हैं। यह खुला मंत्र महाविद्यालय के प्रांगण में पेड़ों के छाव तले निर्मित है जो पर्यावरण के प्रति प्रेम एवं जिम्मेदारी को भी संप्रेषित करता है।

मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि शासकीय नवीन महाविद्यालय कुई-कुकदूर में प्रवेश लेकर आप उत्तम जीवन मूल्यों को आत्मसात् करते हुए सामाजिक समरसता, राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देंगें।

महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम, अनुभवी शिक्षकों का साथ, आयोजित किए जाने वाले समस्त शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर कार्यक्रमों के माध्यम से आप एक सफल नागरिक बनकर समाज के, छत्तीसगढ़ के एवं भारत के यशस्वी विकास के साथी बनेंगे, यही आपसे अपेक्षा है।

इन्हीं भावनाओं के साथ आपका अध्ययनकाल आपके जीवन का स्वर्णिमकाल बने।

शुभकामनाओं सहित.....

**प्रो. (डॉ.) जी.ए.घनश्याम**

प्राचार्य

# शैक्षणेत्तर गतिविधियां









































# शैक्षणिक गतिविधियां











कबर्धा-बेमेतरा 19-06-2026

कुरई-कुकदुर कॉलेज की अनूठी पहल

युवाओं ने सीखा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का पाठ

## 1200 फीट ऊंचे पहाड़ पर बसे सेजाड़ीह पहुंची शिक्षा की टोली,

बच्चों को बांटी अध्ययन सामग्री

वनांचल में जहां सड़कें मुश्किल थीं, वहां विद्यार्थियों ने बच्चों के सपनों को दिया सहारा

कुरई-कुकदूर कॉलेज की टीम ने बच्चों को नाश्ता एवं अध्ययन सामग्री वितरित किया

**कॉलेज परिवार के इस प्रयास की सराहना की**

आगे भी जारी रखेंगे इस अभियान को सफलतापूर्वक सेवा योजना के स्वयंसेवकों और कॉलेज के छात्र-छात्राओं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी आपकी मदद से बच्चों के चेहरों पर खुशियां आई हैं। यह सेवा और सहयोग की प्रेरणा देते हैं।

**शिक्षा को जीवन बदलने का बड़ा माध्यम बताया**

नियमित स्कूल जाने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया और भविष्य के लिए प्रेरित किया।

**सामाजिक उत्तरदायित्व को दिया गया संदेश**

सेवा भावना, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया।

**बच्चों के चेहरों पर दिखा उत्साह**

अध्ययन सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशियां देखने को मिली और उनका आत्मविश्वास बढ़ा।

**इस अभियान की खास बातें**

- 1200 फीट ऊंचे पहाड़ पर स्थित सेजाडीह गांव तक पहुंची शिक्षा टोली
- कठिन रास्तों के बावजूद विद्यार्थियों ने पहुंचाई सहायता।
- बच्चों को नाश्ता, अध्ययन सामग्री (कॉपियां, पेन, पेंसिल आदि) वितरित
- छात्र-छात्राओं ने सीखा सहयोग, संवेदना और जिम्मेदारी का पाठ
- ग्रामीण बच्चों को मिला प्रोत्साहन और प्रेरणा
- समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देने की दिशा में प्रेरक पहल

"हम मानते हैं कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और सेवा हमारा कर्तव्य। हमारा यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।"
– कुरई-कुकदूर कॉलेज परिवार

दैनिक भास्कर कवर्धा-बेमेतरा 19-06-2026

कुरई-कुकदूर कॉलेज की अनूठी पहल • युवाओं ने सीखा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का पाठ

**1200 फीट ऊंचे पहाड़ पर बसे सेजाडीह पहुंची शिक्षा की टोली, बच्चों को बांटी अध्ययन सामग्री**

दैनिक भास्कर कवर्धा-बेमेतरा 21-06-2026

मार्गदर्शन • नवीन कॉलेज कुई-कुकदूर ने कामटी में विद्यार्थियों को किया जागरूक

**शिक्षा ग्रहण कर बेहतर करियर बनाने किया प्रेरित**

स्कूली विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करना जरूरी












# GOVT. NAVEEN COLLEGE, KUI-KUKDUR

**Block - Pandriya, Distt. Kabirdham (C.G.) 491559**

# प्रवेश एवं जानकारी विवरणिका

## Admission & Information Brochure

## वर्ष : 2026-27

# शासकीय नवीन महाविद्यालय, कुई-कुकदुर

**जिला - कबीरधाम (छ.ग.) 491559**

Website : gnckuikukdur.org, Email : kuikukdurcollege@gmail.com

# शासकीय नवीन महाविद्यालय कुई-कुकदुर : संक्षिप्त परिचय

अनुसूचित जनजाति एवं बैगा बाहुल्य क्षेत्र में शैक्षणिक मूल्यों की स्थापना और समाज के पिछड़े वर्गो तक ज्ञान के प्रचार–प्रसार हेतु छ.ग. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय नवीन महाविद्यालय, कुई–कुकदुर की स्थापना जून 2018 में की गई। विगत् 08 वर्षों से भी अधिक समय से यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं । संकायों का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम तथा रोजगारोन्मुखी मार्गदर्शन यहाॅं के वैशिष्ट्य है । उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपने कीर्तिमान के साथ महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अमूल्य सहयोग से अपने सीमित संसाधनों का अधिकतम एवं अनुकूलतम उपयोग करते हुए महाविद्यालय नित–निरंतर नवाचार को बढ़ावा दे रहा है । आधुनिक तकनीक एवं आईसीटी के समुचित उपयोग के साथ कौशल उन्नयन एवं विभिन्न विधाओं के माध्यम से अध्ययन–अध्यापन कराते हुए विद्यार्थियों को व्यावसायिक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना महाविद्यालय का मूल उद्देश्य है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में विभिन्न प्रकोष्ठ एवं समितियों का गठन किया गया है जो निरंतर विद्यार्थियों को समर्थ, सक्षम एवं सदृढ़ बनाने तथा विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने की ओर अग्रसर है।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) एवं रेडक्रास की सक्रिय इकाईयाँ कार्यरत है जिनके माध्यम से विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास, सामाजिक समरसता एवं सम्प्रेषण क्षमता में विकास होता है। महाविद्यालय का क्रीड़ा–विभाग अनेक कीर्तिमान स्थापित कर चुका है । उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आए विश्वव्यापी बदलाव के मद्देनजर पारम्परिक उच्च शिक्षा के साथ–साथ ज्ञान और कौशल का समावेश करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का व्यापक दृष्टिकोण महाविद्यालय ने अपनाया है । महाविद्यालय के विद्यार्थी अपने लिए स्वयं का रोजगार भी निर्मित कर सकें ऐसी व्यवस्था पाठ्यक्रम के अंश रूप में अथवा पाठ्येत्तर गतिविधियों के रूप में स्थापित की गई है । महाविद्यालय का प्रयास रहता है कि छात्र–छात्राओं में कौशल का विकास हो सके ताकि पारम्परिक उपाधि ग्रहण करने के साथ वे जीवनोपयोगी दक्षताओं में भी सक्षम हो सकें और उनमें उद्यमिता विकसित हो सके । इसका भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है ।

महाविद्यालय में प्रविष्ट प्रत्येक विद्यार्थी का विकास अध्ययन–अध्यापन तक ही सीमित नहीं है अपितु महाविद्यालय के प्राचार्य से लेकर प्रत्येक कर्मचारी तक विद्यार्थियों के समुचित व्यक्तित्व विकास हेतु नैतिक मूल्य बोध, कैरियर निर्माण, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक पर्यावरणीय संचेतना का विकास, स्वरोजगार तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी आदि अन्यान्य महत्वपूर्ण उद्देश्यों की पूर्ति हेतु तत्पर रहते हैं । महाविद्यालय के अनेक भूतपूर्व छात्र–छात्राएं समाज के प्रतिष्ठित पदों पर स्थापित हैं और अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रहें हैं ।

''शिक्षार्थ आइए एवं सेवार्थ जाइए'' के मूलमंत्र के साथ वनवासी अंचल में उच्च शिक्षा की अलख जगाता हुआ शासकीय नवीन महाविद्यालय कुई–कुकदुर विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन हेतु एक अभिनव संस्था है ।

आपका शिक्षा के गुरूकुल में हार्दिक स्वागत है ।

--00--

# महाविद्यालय की नवाचार की बयार

शासकीय नवीन महाविद्यालय, कुई–कुकदूर कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र में उच्च शिक्षा की अलख जगाने के साथ विद्यार्थियों एवं स्टाफ हेतु लगातार नवाचार से प्रेरित कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों में आत्मविश्वास के साथ उन्हें आज की तकनीक से परिचित कराकर समर्थ, सशक्त एवं विकसित भारत के जागरूक युवा के रूप में गढ़ने का कार्य किया जा रहा है। नवाचार की बयार के अंतर्गत महाविद्यालय में निम्नलिखित नवोन्मेषी विचारों को मूर्तरूप प्रदान किया गया है।

**फैकल्टी एनरिचमेंट प्रोग्राम** :- प्रति शुक्रवार को प्रत्येक विभाग के शिक्षक के द्वारा उनके विषय से संबधित किसी समसामयिक विषय पर 50 मिनट का व्याख्यान पॉवर पॉइंट के माध्यम से किया जाता है। अंत में 10 से 20 मिनट तक विभिन्न प्रश्न एवं तत्संबंध में विषय पर चर्चा की जाती है। वर्ष विद्यार्थियों के 2026 से प्रारंभ इस फैकल्टी एनरिचमेंट प्रोग्राम की कुल 11 कड़ियाँ संपन्न हो चुकी हैं।

**फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम** :- महाविद्यालय में सत्र 2026 से शिक्षकों के शिक्षण कौशल, अनुसंधान क्षमताओं तथा तकनीकी ज्ञान को बढ़ाने के लिए विभिन्न विषयों पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है जिसका लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त हो सके।

**एम ओ यू पर हस्ताक्षर** :- महाविद्यालय द्वारा क्षेत्र के एवं राज्य के महाविद्यालयों में उपलब्ध्य मानव संभावनाओं एवं संसाधनों का विद्यार्थियों एवं प्रदेश के हित में अधिकतम एवं अनुकुलतम उपयोग करने हेतु 06 महाविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है एवं तदनुसार व्याख्यानमाला का आयोजन भी किया जा रहा है।

**स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम** :- विद्यार्थियों के क्षमता एवं कौशल संवर्धन, सम्प्रेषण कौशल, व्यक्तित्व विकास एवं समग्र विकास के साथ उनके करियर के सबंध में विशेषज्ञों को आमंत्रित कर व्याख्यान, कार्यशाला, संगोठी एवं चर्चा हेतु स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम वर्ष 2026 से प्रारंभ किया गया है।

**विभागीय परिषदों का गठन** :- महाविद्यालय के समस्त विभागों में विभागीय परिषदों का गठन वर्ष 2026 में किया गया है। इस परिषद् के माध्यम से विद्यार्थी अपनी कला को आयाम देते हुए परिषद् के अंतर्गत आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय एवं रचनात्मक भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।

**सरस्वती मुक्ताकाश मंच एवं ज्ञान पंथ** :- महाविद्यालय में विद्यार्थियों के हितार्थ पाठ्यक्रम के विषयों के अतिरिक्त अन्य समसामयिक विषयों एवं विद्यार्थियों से संबधित विषयों पर सार्थक चर्चा हेतु महाविद्यालय प्रांगण के उद्यान में छायादार वृक्षों के नीचे ''**सरस्वती मुक्ताकाश मंच** '' एवं ''**ज्ञान पथ**'' की स्थापना की गई है। यह मंच एवं पथ विद्यार्थियों को गुरूकुल परंपरा के अनुरूप भारतीय ज्ञान पद्धति से परिचय कराने का एक सशक्त स्थल है।

**इंग्लिश स्पीकिंग क्लब एवं इंग्लिश क्लिनिक** :- विद्याथियों को अंग्रेजी में होने वाली समस्याओं के समाधान हेतु इंग्लिश क्लिनिक एवं विद्यार्थियों, शिक्षकों, पालकों एवं अन्य सभी ग्रामीणों को अंग्रेजी बोलचाल हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से इंग्लिश स्पीकिंग क्लब प्रारंभ किया गया है।

**संस्थागत सामाजिक दायित्व** :- इंस्टीट्यूशनल सोशल रेस्पान्सिबिलिटी (संस्थागत सामाजिक दायित्व) के अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के क्षेत्राधिकार के विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं समाज के हितार्थ महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों, करियर सबंधित, भाषायी कौशल, सम्प्रेषण कला, व्यतिव विकास इत्यादि पर समय समय पर चर्चा, कार्यशाला एवं व्याख्यान आयोजित किए जाएगे। इस हेतु समस्त उच्चतर माध्यमिक शालाओं से लींकेज किया जा रहा है।

# कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय, कुई-कुकदुर

**विकासखंड - पण्डरिया, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)**

Email : kuikukdurcollege@gmail.com



## :: महाविद्यालय में गठित प्रकोष्ठ एवं समितियां ::

| क्र. | प्रकोष्ठ का नाम | संयोजक | सदस्य |
|---|---|---|---|
| 1 | संस्थागत विकास योजना एवं मूल्यांकन प्रकोष्ठ | प्रो. डॉ.ए.सी. वर्मा, प्राध्यापक | डॉ. सी.एस.राजपूत, सहा.प्रा.<br>श्री रामरती निषाद, सहा.प्रा.<br>डॉ. राम भरोस साहू, अतिथि व्या.<br>डॉ. राजीव कुशवाहा, अतिथि व्या. |
| 2 | शैक्षणिक उन्नयन, शिक्षा प्रशिक्षण एवं अनुसंधान विकास | डॉ. सी.एस. राजपूत सहा.प्रा. | श्री रामरती निषाद, सहा.प्रा.<br>डॉ. राम भरोस साहू, अतिथि व्या.<br>डॉ. धीरज शर्मा, अतिथि व्या.<br>डॉ. कौसर नाजमी, अतिथि व्या. |
| 3 | ऑनलाईन शिक्षा, शिक्षण पोर्टल एवं अध्ययन सामग्री प्रकोष्ठ | श्री रामरती निषाद, सहा.प्रा. | डॉ. राम भरोस साहू, अतिथि व्या.<br>डॉ. धीरज शर्मा, अतिथि व्या.<br>डॉ. कौसर नाजमी, अतिथि व्या.<br>श्री गोविन्द यादव, अतिथि व्या. |
| 4 | उद्योग अकादमिक एकीकरण, कौशल/उद्यमिता एवं रोजगार विकास प्रकोष्ठ | प्रो. डॉ.ए.सी. वर्मा, प्राध्यापक | श्री रामरती निषाद, सहा.प्रा.<br>डॉ. राम भरोस साहू, अतिथि व्या.<br>सुश्री रिया ठाकुर, अतिथि व्या.<br>श्री हरीश पात्रे, अतिथि व्या. |
| 5 | भारतीय ज्ञान परंपरा, प्रादेशिक देशज संसाधन एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ | डॉ. सी.एस. राजपूत सहा.प्रा. | श्री रामरती निषाद, सहा.प्रा.<br>डॉ. राम भरोस साहू, अतिथि व्या.<br>डॉ.संदीप बघेल,अतिथि व्या.<br>श्री गोविन्द यादव,अतिथि व्या. |
| 6 | विद्यार्थी सहायता मेन्टरिंग एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रकोष्ठ | डॉ. सी.एस. राजपूत सहा.प्रा. | श्री रामरती निषाद, सहा.प्रा.<br>डॉ. राम भरोस साहू, अतिथि व्या.<br>सुश्री रिया ठाकुर, अतिथि व्या<br>श्री गोविन्द यादव,अतिथि व्या. |
| 7 | संस्थागत गतिविधियॉ , शैक्षणिक प्रदर्शन एवं प्रसारण प्रकोष्ठ | श्री रामरती निषाद, सहा.प्रा. | डॉ.संदीप बघेल,अतिथि व्या.<br>डॉ. धीरज शर्मा, अतिथि व्या.<br>सुश्री रिया ठाकुर, अतिथि व्या<br>श्री हरीश पात्रे, अतिथि व्या. |

*''मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे ।''*

## संवैधानिक समितियॉं

| क्र. | प्रकोष्ठ का नाम | संयोजक/अध्यक्ष | सदस्य |
|---|---|---|---|
| 1 | स्टॉफ कॉउंसिल | प्राचार्य पदेन | प्रो. डॉ.ए.सी. वर्मा, प्राध्यापक (सचिव)<br>सदस्य: समस्त शिक्षकगण |
| 2 | जनभागीदारी समिति | प्राचार्य पदेन सचिव | प्रभारी अधिकारी: प्रो. डॉ. ए.सी. वर्मा, प्राध्यापक |
| 3 | आईक्यूएसी | प्राचार्य पदेन अध्यक्ष | समन्वयक: श्री रामरती निषाद सहा. प्रा. प्राणीशास्त्र<br>सदस्य: समस्त शिक्षकगण<br>छात्र सदस्य: दुर्गेश हठिले बीएससी तृतीय सेमेस्टर<br>डोमन पटेल बीकॉम प्रथम सेमे. स्नेहा तिवारी बीए प्रथम सेमे. |
| 4 | अनुशासन एवं एंटी रैगिंग समिति | डॉ. सी.एस. राजपूत, सहा. प्रा. | श्री रामरती निषाद, सहा.प्रा.<br>सुश्री रिया ठाकुर, अतिथि व्या<br>श्री गोविन्द यादव,अतिथि व्या.<br>छात्र सदस्य: राहुल देव बघेल बीकॉम तृतीय वर्ष, कु. कृष्णा निषाद बीएससी तृतीय वर्ष, कु. जया वर्मा बीएससी चतुर्थ सेमे. |
| 5 | शिकायत निवारण समिति | प्रो. डॉ. ए.सी.वर्मा प्राध्यापक | श्री रामरती निषाद, सहा.प्रा.<br>डॉ. रामभरोस साहू, अतिथि व्या.<br>डॉ. कौसर नाजमी, अतिथि व्या.<br>सुश्री रिया ठाकुर अतिथि व्या.<br>छात्र सदस्य: धनराम बीए चतुर्थ सेमे. आकांक्षा राठौर बीएससी द्वितीय सेमे. नंदिनी एम.ए. भूगोल द्वितीय सेमे. |
| 6 | छात्रवृत्ति समिति | प्रो. डॉ. ए.सी.वर्मा प्राध्यापक | श्री मंगेश देवपुजारी, सहायक ग्रेड-02<br>श्री लक्ष्मण प्रसाद रजक, कम्प्यूटर ऑपरेटर |
| 7 | अजा/अजजा समिति | श्री रामरती निषाद, सहा. प्रा. | डॉ. संदीप बघेल, अतिथि व्या.<br>सुश्री रिया ठाकुर, अतिथि व्या.<br>श्री हरीश पात्रे, अतिथि व्या.<br>छात्र सदस्य : महेन्द्र पंद्राम बीए चतुर्थ सेमे. कु. सीता बीएससी चतुर्थ सेमे. कु. द्रौपती बीए चतुर्थ सेमे. |
| 8 | क्रय समिति | प्राचार्य पदेन अध्यक्ष | प्रो.डॉ. ए.सी.वर्मा प्राध्यापक (सचिव)<br>डॉ.सी.एस. राजपूत सहा. प्रा.<br>श्री रामरती निषाद, सहा. प्रा.<br>डॉ. राजीव कुशवाहा अतिथि व्या.<br>छात्र सदस्य: उमाशंकर गबेल बीएससी द्वितीय सेमे. कु. साक्षी बीएससी द्वितीय सेमे. |
| 9 | महिला उत्पीड़न समिति | डॉ.सी.एस. राजपूत सहा.प्रा. | श्री रामरती निषाद, सहा.प्रा.<br>सुश्री रिया ठाकुर, अतिथि व्या.<br>छात्र उत्पीड़न कु. गीता बीएससी चतुर्थ सेमे. कु. पायल बीए चतुर्थ सेमे. कु. चांदिनी एम.ए. द्वितीय सेमे. |

## सामान्य समितियां

| क्र. | समिति का नाम | संयोजक | सदस्य |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रवेश समिति | डॉ. सी.एस. राजपूत, सहा. प्रा. | सदस्यः सभी संकायों के शिक्षकगण |
| 2 | परीक्षा समिति | डॉ. सी.एस. राजपूत, सहा. प्रा. | श्री रामरती निषाद, सहा.प्रा.<br>डॉ. राजीव कुशवाहा अतिथि व्या.<br>सुश्री रिया ठाकुर, अतिथि व्या.<br>श्री हरीश पात्रे, अतिथि व्या. |
| 3 | एनईपी 2020 क्रियान्वयन समिति | श्री रामरती निषाद, सहा. प्रा. | डॉ. राम भरोस साहू, अतिथि व्या.<br>डॉ. कौसर नाजमी, अतिथि व्या.<br>छात्र सदस्यः दुर्गेश हठीले बीएससी चतुर्थ सेमे.<br>सुरेश बीए द्वितीय सेमे., कन्हैया पन्द्राम बीकॉम चतुर्थ सेमे.,<br>कु. जया वर्मा बीएससी चतुर्थ सेमे. |
| 4. | समय-सारणी समिति | प्रो.डॉ. ए.सी. वर्मा, प्राध्यापक | श्री रामरती निषाद, सहा.प्रा.<br>डॉ. धीरज शर्मा, अतिथि व्या.<br>डॉ. राम भरोस साहू, अतिथि व्या.<br>डॉ. कौसर नाजमी, अतिथि व्या.<br>श्री गोविन्द यादव अतिथि व्या. |
| 5. | एल्युमनी समिति | प्रो. डॉ. ए.सी. वर्मा, प्राध्यापक | डॉ. सी.एस. राजपूत, सहा. प्रा<br>श्री रामरती निषाद, सहा.प्रा.<br>डॉ. राजीव कुशवाहा अतिथि व्या.<br>डॉ. राम भरोस साहू, अतिथि व्या.<br>छात्र सदस्यः सागर बीएससी चतुर्थ सेमे. कु. ललिता बीए चतुर्थ सेमे. |
| 6. | ग्रंथालय समिति | डॉ. सी.एस. राजपूत सहा. प्रा. (प्रभारी अधिकारी) | डॉ.संदीप बघेल, अतिथि व्या., श्री गोविन्द यादव, अतिथि व्या.<br>छात्र सदस्यः दीपशंकर एम.ए. समाजशास्त्र<br>द्वितीय सेमे. कन्हैया पन्द्राम बीकॉम चतुर्थ सेमे. |
| 7. | परिसर रख रखाव समिति | डॉ. सी.एस. राजपूत सहा. प्रा. (प्रभारी अधिकारी) | श्री रामरती निषाद, सहा.प्रा., डॉ. राम भरोस साहू, अतिथि व्या.<br>श्री मंगेश देवपुजारी, सहायक ग्रेड-02<br>श्री जलेश कुमार, भृत्य, श्री शिवचरण श्याम, स्वछक |
| 8. | अपलेखन समिति | श्री रामरती निषाद, सहा. प्रा. | डॉ. राजीव कुशवाहा, अतिथि व्या., डॉ. संदीप बघेल, अतिथि व्या.<br>श्री मंगेश देवपुजारी, सहायक ग्रेड-02<br>छात्र सदस्यः कु. कंचन बी.कॉम चतुर्थ सेमे. कु. प्रांशी कोठारी बीए चतुर्थ सेमे. |
| 9. | साइकल स्टेण्ड समिति | श्री रामरती निषाद, सहा.प्रा. | डॉ.संदीप बघेल, अतिथि व्या., श्री हरीश पात्रे, अतिथि व्या.<br>श्री मंगेश देवपुजारी,सहायक ग्रेड-02, श्री जलेश कुमार, भृत्य<br>छात्र सदस्यः डोमन पटेल बीकॉम द्वितीय सेमे. आकाश भट्ट बीए द्वितीय सेमे. |

*''असफलता वहीं हारती है जहाँ प्रयास रूक जाता है ।''*

## सामान्य समितियां

| क्र. | प्रभार का नाम | प्रभारी अधिकारी का नाम | आबंटित कार्य |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रशासनिक एवं अकादमिक प्रभार | प्रो.डॉ. ए.सी.वर्मा. प्राध्यापक | डेली डायरी उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर एवं समस्त प्रशासनिक एवं अकादमिक कार्यो के प्रभारी- (प्राचार्य के समक्ष प्रशासनिक एवं अकादमिक कार्यो से सबंधित समस्त नोट शीट/पत्र प्रशासनिक एवं अकादमिक प्रभारी से हस्ताक्षर कराकर प्रस्तुत होगें) |
| 2. | अकादमिक भवन के प्रभारी | डॉ. सी.एस. राजपूत सहा. प्रा. (प्रभारी अधिकारी) | अकादमिक भवन के देखेरेख, एवं सफाई कक्षाओं का नियमित संचालन एवं विविध कार्य |
| 3. | कम्प्यूटर कक्ष एवं कम्प्यूटर कक्षा प्रभारी | डॉ. धीरज शर्मा अतिथि व्या. | स्टॉफ एवं विद्यार्थियों हेतु कम्प्यूटर कक्षा का संचालन समय सारणी बनाना एवं नियमित पंजी अद्यतन करना |
| 4 | योग एवं व्यायामशाला, बैडमिन्टन कोर्ट एवं खेलकूद की गतिविधियॉ | श्री गोविन्द यादव अतिथि व्या. एवं श्री संदीप बघेल, अतिथि व्या. | योग एवं व्यायामशाला का संचालन, व्यायामशाला के समय के निर्धारण, बैडमिन्टन एवं अन्य खेलकूद की गतिविधियों का संचालन तथा पंजी सधारण |
| 5. | हेल्प डेस्क | डॉ. राम भरोस साहू, अतिथि व्या. एवं श्री गोविन्द यादव अतिथि व्या. | प्रशासनिक भवन के कक्ष में विद्यार्थियों, पालकों एवं आंगतुकों की समस्याओं का निवारण |
| 6. | टीसी एवं चरित्र प्रमाण पत्र | डॉ. सी.एस. राजपूत सहा. प्रा. | टीसी हेतु प्राप्त आवेदन का परिक्षण, एनओसी प्राप्त कर टीसी में हस्ताक्षर एवं दाखिल मे पंजीकृत खारिज करना |

## कार्यालयीन प्रभार

| क्र. | प्रभार का नाम | प्रभारी अधिकारी का नाम | आबंटित कार्य |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री मंगेश देवपुजारी | सहायक ग्रेड-2 | स्थापना सबंधी समस्त कार्य, लेखा सबंधी समस्त कार्य<br>स्टोर सबंधी समस्त कार्य<br>शुल्क संग्रहण एवं संबधित लेखा संधारण<br>विधान सभा सबंधित कार्य<br>कोषालय देयक सबंधित समस्त कार्य |
| 2. | श्री लक्ष्मण प्रसाद रजक | कम्प्यूटर ऑपरेटर | आवक, जावक सबंधी समस्त कार्य<br>कम्प्यूटर टंकण सबंधी समस्त कार्य<br>विधानसभा सबंधित टंकण कार्य, छात्रवृत्ति सबंधित कार्य<br>कोषालय देयक निर्माण टंकण कार्य |

*''गुरू केवल आपको शिक्षा दे सकता है उसका उपयोग कैसे करना है यह आपके ऊपर निर्भर करता है। ''*

## महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं एवं बेस्ट प्रेक्टीसेज़

1. समस्त विभागों में परिषदों का गठन एवं क्रियाशील परिषद।
2. महाविद्यालयों के साथ अकादमिक समझौता ज्ञापन अनुबंध।
3. इंग्लिश क्लिनिक एवं इंग्लिश स्पीकिंग क्लब का संचालन।
4. सरस्वती मुक्ताकाश मंच एवं ज्ञान पथ।
5. विद्यार्थियों के बैठने हेतु महाविद्यालय उद्यान में सीमेंट का सोफा।
6. राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई।
7. रोवर्स एवं रेंजर्स।
8. रेडक्रॉस यूनिट।
9. कम्प्यूटर कक्ष।
10. सुव्यस्थित गर्ल्स कॉमन रूम।
11. साफ–सुथरा प्रसाधन कक्ष।
12. समाचार पत्र पठन स्टैण्ड।
13. कैरम स्पेस, बैडमिंटन कोर्ट एवं शतरंज।
14. योग एवं व्यायाम शाला।
15. क्रिएटीव कार्नर (रचनात्मक स्थल)।
16. शुद्ध एवं शीतल पेयजल।
17. विद्यार्थी संवर्धन कार्यक्रम।
18. हेल्प डेस्क।

GNC Kuikukdur
WhatsApp channel

GNC Kui-Kukdur Facebook

GNC Kui-Kukdur Instagram

GNC Kui-Kukdur YouTube

X Account QR Code of GNC Kui-Kukdur

GNC Kui-Kukdur Website

**महाविद्यालय में प्रवेशित समस्त विद्यार्थियों एवं स्टाफ महाविद्यालय के सोशल मीडिया अकाउंट को सब्सक्राइब/फॉलो अवश्य करें। महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों की जानकारी, सूचना, निर्देश एवं अन्य आवश्यक जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेषित की जाएगी।**

# संस्था की विवरणिका

महाविद्यालय का लक्ष्य छात्र/छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा एवं उनके बौद्धिक, शैक्षणिक, नैतिक दृष्टि से प्रतिवर्ष प्रतिभाशाली व्यक्तित्व का निर्माण करना है जो भावी राष्ट्र निर्माण में सहायक हो सके ।

यह महाविद्यालय जून 2018 में स्थापित हुआ है । इस महाविद्यालय का परिसर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुकदुर के सामने, मेन रोड पर स्थित है । यह महाविद्यालय हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से सम्बद्ध एवं मान्यता प्राप्त है । वर्तमान में स्नातक स्तर पर बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम. एवं स्नातकोत्तर स्तर पर हिन्दी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, भूगोल एवं रसायन शास्त्र के विषयों के अध्यापन की व्यवस्था है ।

## (क) प्रवेश के मार्गदर्शक नियम -

1. महाविद्यालय में प्रवेश की अधिकतम संख्या उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग.शासन एवं संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की जाती है ।
2. प्रवेश ऑनलाईन पोर्टल के द्वारा गुणानुक्रम के अनुसार दिया जावेगा । अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों के लिए छ.ग. शासन के नियमानुसार स्थान आरक्षित होंगें ।
3. महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त शैक्षणिक सुविधाएँ मुख्यत: छत्तीसगढ़ के निवासियों के लिए है ।
4. महाविद्यालय में प्रवेश एक विशेषाधिकार है, जिसे निष्ठापूर्ण कार्यों एवं सदाचार द्वारा अर्जित किया जाना चाहिये ।

प्रवेश गुणानुक्रम के आधार पर निर्धारित किया जाता है। स्नातकोत्तर स्तर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा सेमेस्टर पद्धति लागू की गई है जो वर्तमान में संचालित है ।

## (ख) प्रवेश सीमा (स्नातक स्तर) :

| | | | |
|---|---|---|---|
| बी.ए. प्रथम सेमेस्टर | 140 | बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर | 140 |
| बी.एस.सी. (बायो) प्रथम सेमेस्टर | 140 | | |

## (ग) स्नातकोत्तर स्तर - सेमेस्टर पद्धति (चार सेमेस्टर)

| | |
|---|---|
| हिन्दी साहित्य | 30 सीट |
| राजनीति शास्त्र | 30 सीट |
| समाजशास्त्र | 30 सीट |
| भूगोल | 30 सीट |
| एम.एस.सी. रसायन शास्त्र | 30 सीट |

# महाविद्यालय में पढ़ाये जाने वाले विषय समूह एवं संकाय

## कला संकाय -

| | |
|---|---|
| बी.ए. भाग - 1 (सेमेस्टर एक एवं दो) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 | प्रावधानानुसार |
| बी.ए. भाग - 2 (सेमेस्टर तीन एवं चार) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 | |
| बी.ए. भाग - 3 (सेमेस्टर पंचम एवं षष्ठम) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 | |
| बी.ए. भाग - 4 (सेमेस्टर सप्तम एवं अष्टम) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 | |

**स्नातकोत्तर कक्षाएँ - (सेमेस्टर पद्धति)**

कला संकाय के निम्नलिखित विषयों में स्नातकोत्तर अध्ययन की व्यवस्था है -

1. हिन्दी 2. राजनीति शास्त्र 3. समाजशास्त्र 4. भूगोल

## वाणिज्य संकाय -

| | |
|---|---|
| बी.काम. भाग - 1 (सेमेस्टर एक एवं दो) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 | प्रावधानानुसार |
| बी.काम. भाग - 2 (सेमेस्टर तीन एवं चार) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 | |
| बी.काम. भाग - 3 (सेमेस्टर पंचम एवं षष्ठम) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 | |
| बी.काम. भाग - 4 (सेमेस्टर सप्तम एवं अष्टम) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 | |

## विज्ञान संकाय -

| | |
|---|---|
| बी.एस.सी.- भाग - 1 (सेमेस्टर एक एवं दो) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 | प्रावधानानुसार |
| बी.एस.सी.- भाग - 2 (सेमेस्टर तीन एवं चार) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 | |
| बी.एस.सी.- भाग - 3 (सेमेस्टर पंचम एवं षष्ठम) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 | |
| बी.एस.सी.- भाग -4 (सेमेस्टर सप्तम एवं अष्टम) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 | |

**स्नातकोत्तर कक्षाएं (सेमेस्टर पद्धति)**

**विज्ञान संकाय के अंतर्गत निम्नलिखित विषय में स्नातकोत्तर अध्ययन की व्यवस्था है -**

**1. रसायन शास्त्र**

# प्रवेश शुल्क विवरण (स्नातक कक्षाओं के लिए)

## सत्र : 2026-2027

| स. क्र. | शुल्क विवरण | बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के लिए शुल्क | बीए प्रथम सेमेस्टर के लिए शुल्क | बीए प्रथम सेमेस्टर (भूगोल) के लिए शुल्क | बीएससी प्रथम सेमेस्टर के लिए शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| | **शासकीय शुल्क** | | | | |
| 1 | शिक्षण शुल्क | 117 | 117 | 117 | 117 |
| 2 | प्रवेश शुल्क | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 3 | स्टेशनरी आदि शुल्क | 7 | 7 | 7 | 7 |
| 4 | प्रायोगिक शुल्क | 0 | 00 | 20 | 20 |
| | **कुल योग** | **127** | **127** | **147** | **147** |
| | **अशासकीय शुल्क** | | | | |
| 1 | सम्मिलित निधि | 34 | 34 | 34 | 34 |
| 2 | अवधान शुल्क | 60 | 60 | 60 | 60 |
| 3 | परिचय पत्र | 70 | 70 | 70 | 70 |
| 4 | छात्र सहायता निधि | 5 | 5 | 5 | 5 |
| 5 | रेड क्रॉस शुल्क | 40 | 40 | 40 | 40 |
| 6 | वाचनालय शुल्क | 50 | 50 | 50 | 50 |
| 7 | चिकित्सा शुल्क | 10 | 10 | 10 | 10 |
| 8 | छात्र संघ प्रवेश | 5 | 5 | 5 | 5 |
| 9 | स्नेह सम्मेलन शुल्क | 100 | 100 | 100 | 100 |
| 10 | प्रायोगिक विकास शुल्क | — | — | 50 | 50 |
| 11 | सायकल स्टैण्ड शुल्क | 50 | 50 | 50 | 50 |
| 12 | आंतरिक मुल्यांकन शुल्क | 50 | 50 | 50 | 50 |
| 13 | महाविद्यालय विकास शुल्क | 200 | 200 | 200 | 200 |
| 14 | ग्रंथालय कार्ड | 25 | 25 | 25 | 25 |
| 15 | महाविद्यालय पत्रिका | 30 | 30 | 30 | 30 |
| | **कुल योग** | **729** | **729** | **779** | **779** |
| | **विश्वविद्यालयीन शुल्क** | | | | |
| 1 | शारीरिक कल्याण शुल्क | 200 | 200 | 200 | 200 |
| 2 | विश्वविद्यालय छात्र कल्याण शुल्क | 10 | 10 | 10 | 10 |
| 3 | विश्वविद्यालय ग्रंथालय शुल्क | 20 | 20 | 20 | 20 |
| 4 | युवा गतिविधि शुल्क | 1 | 1 | 1 | 1 |
| | **कुल योग** | **231** | **231** | **231** | **231** |
| | **जनभागीदारी शुल्क** | | | | |
| 1 | जनभागीदारी शुल्क | 500 | 500 | 500 | 500 |
| | **कुल शुल्क की राशि** | | | | |
| | **महायोग** | **1587** | **1587** | **1657** | **1657** |

टीपः— 1. प्रवेश हेतु विवरणिका की कीमत रू. 100.00 अलग से देय होगा।

2. अजा एवं अजजा वर्ग के छात्र–छात्राओं को एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के छात्राओं को शासन के नियमानुसार शुल्क में छूट प्रदान किया जायेगा ।

**प्राचार्य**

**शासकीय नवीन महाविद्यालय, कुई-कुकदुर**

# प्रवेश शुल्क विवरण (स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए)

## सत्र : 2026-2027

| स. क्र. | शुल्क विवरण | एमए प्रथम सेमेस्टर एवं एमए द्वितीय सेमेस्टर के लिए शुल्क | एम.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर एवं एम.एस. सी. द्वितीय सेमेस्टर के लिए शुल्क | एमए तृतीय सेमेस्टर एवं एमए चतुर्थ सेमेस्टर के लिए शुल्क | एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर एवं एम. एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर के लिए शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| | **शासकीय शुल्क** | | | | |
| 1 | शिक्षण शुल्क | 126 | 156 | 126 | 156 |
| 2 | प्रवेश शुल्क | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 3 | स्टेशनरी आदि शुल्क | 7 | 7 | 7 | 7 |
| 4 | प्रायोगिक शुल्क | 0 | 30 | 0 | 30 |
| | **कुल योग** | **136** | **196** | **136** | **196** |
| | **अशासकीय शुल्क** | | | | |
| 1 | सम्मिलित निधि | 34 | 34 | 34 | 34 |
| 2 | अवधान शुल्क | 100 | 100 | — | — |
| 3 | परिचय पत्र | 70 | 70 | 70 | 70 |
| 4 | छात्र सहायता निधि | 5 | 5 | 5 | 5 |
| 5 | रेड क्रॉस शुल्क | 40 | 40 | 40 | 40 |
| 6 | वाचनालय शुल्क | 50 | 50 | 50 | 50 |
| 7 | चिकित्सा शुल्क | 10 | 10 | 10 | 10 |
| 8 | छात्र संघ प्रवेश | 5 | 5 | 5 | 5 |
| 9 | स्नेह सम्मेलन शुल्क | 100 | 100 | 100 | 100 |
| 10 | प्रायोगिक विकास शुल्क | — | 100 | — | 100 |
| 11 | सायकल स्टैण्ड शुल्क | 50 | 50 | 50 | 50 |
| 12 | आंतरिक मुल्यांकन शुल्क | 50 | 50 | 50 | 50 |
| 13 | महाविद्यालय विकास शुल्क | 540 | 540 | 540 | 540 |
| 14 | ग्रंथालय कार्ड | 25 | 25 | 25 | 25 |
| 15 | महाविद्यालय पत्रिका | 30 | 30 | 30 | 30 |
| | **कुल योग** | **1109** | **1209** | **1009** | **1109** |
| | **विश्वविद्यालयीन शुल्क** | | | | |
| 1 | शारीरिक कल्याण शुल्क | 200 | 200 | 200 | 200 |
| 2 | विश्वविद्यालय छात्र कल्याण शुल्क | 10 | 10 | 10 | 10 |
| 3 | विश्वविद्यालय ग्रंथालय शुल्क | 20 | 20 | 20 | 20 |
| 4 | युवा गतिविधि शुल्क | 1 | 1 | 1 | 1 |
| | **कुल योग** | **231** | **231** | **231** | **231** |
| | **जनभागीदारी शुल्क** | | | | |
| 1 | जनभागीदारी शुल्क | 1000 | 1000 | 1000 | 1000 |
| | **कुल शुल्क की राशि** | | | | |
| | **महायोग** | **2476** | **2636** | **2376** | **2536** |

टीपः— 1. प्रवेश हेतु विवरणिका की कीमत रू. 100.00 अलग से देय होगा।

2. अजा एवं अजजा वर्ग के छात्र—छात्राओं को एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के छात्राओं को शासन के नियमानुसार शुल्क में छूट प्रदान किया जायेगा ।

3. स्व वित्तीय पीजी पाठ्यक्रम में अध्यापन हेतु रू. 3000.00 अतिरिक्त शुल्क देय होगा।

**प्राचार्य**

**शासकीय नवीन महाविद्यालय, कुई-कुकदुर**

## छात्रवृत्ति संबंधी :

1. राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र ऑनलाईन भरे जाएँगे। इन आवेदन पत्रों को छात्रों द्वारा प्रमुख के माध्यम से संचालक उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर को भेजा जाना चाहिए।
2. स्नातक छात्रवृत्तियाँ, उच्च शिक्षा के आवंटन के आधार पर महाविद्यालय द्वारा स्वीकृत की जाती है।
3. सभी छात्रवृत्तियों के लिये ऑनलाईन आवेदन पत्र महाविद्यालय से आदिम जाति कल्याण विभाग को निर्धारित तिथि पर भेजा जाना चाहिए।
4. राष्ट्रीय छात्रवृत्ति सभी छात्रवृत्तियों हेतु आवेदन पत्र महाविद्यालय से ऑनलाईन भरे जाएँगे।
5. शासन द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु जारी तिथि के अनुसार फार्म भरे जाएँगें।
6. पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन पत्र, आय तथा जाति प्रमाण पत्र की प्रतियां निर्धारित तिथि के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा।
7. बी.पी.एल. बुक बैंक योजना (नियम 2005)।
8. बी.पी.एल. छात्र कल्याण (नियम 2005)।
   (उपर्युक्त दोनों योजनाओं 7 एवं 8 का लाभ गरीबी कल्याण रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले छात्र/छात्राओं को मिलेगा)
9. अजीम-प्रेमजी छात्रवृत्ति की सुविधा राज्य शासन द्वारा प्रदत्त।

## छात्रवृत्ति के संबंध में छात्रों से अपेक्षित कार्यवाही :

1. छात्रों को कौन सी छात्रवृत्ति प्राप्त हो सकती है इस संबंध में विवरणिका से स्वयं जानकारी प्राप्त कर लेना चाहिए अथवा प्रभारी प्राध्यापक से छात्रवृत्ति की जानकारी लेना चाहिए।
2. आवेदन पत्र निर्धारित समय से एक सप्ताह पूर्व महाविद्यालय के कार्यालय में जमा करना चाहिए। इसी प्रकार नवीनीकरण हेतु निर्धारित प्रपत्र में प्रगति विवरण सही-सही भरकर अंकसूची के साथ समय-समय पर कार्यालय में जमा करें ताकि कार्यालय उन्हें समय पर संबंधित कार्यालय भेज सके।
3. समय-समय पर प्रभारी से छात्रवृत्ति की जानकारी हेतु उनके द्वारा नियत समय पर संपर्क स्थापित कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
4. कार्यालय में फार्म जमा करने के पूर्व छात्र-छात्राएँ देखें कि -
   - क. आवेदन पत्र में संपूर्ण कालम सही भरे गये हैं या नहीं।
   - ख. सही छात्रवृत्ति के लिये आवेदन किया है या नहीं।
   - ग. आवेदन के हस्ताक्षर अथवा फार्म जमा करने की तिथि अंतिम है या नहीं।
   - घ. आवश्यक प्रमाण पत्र जैसे अर्हताकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने की अंकसूची, आचरण प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, कक्षा में प्रवेश लेने का प्रमाण पत्र, छात्रावासी (यदि हो) होने का प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है या नहीं।
   - ड. पूर्व में छात्रवृत्ति प्राप्त हो रही है तो उसका उल्लेख किया या नहीं।
   - च. न्यूनतम शर्त की पूर्ति होती है अथवा नहीं, जैसे अर्हकारी परीक्षा छत्तीसगढ़ से उत्तीर्ण की है या नहीं, निर्धारित अंक प्राप्त किये हैं या नहीं, माता-पिता की आय निर्धारित सीमा में है या नहीं।

## उपस्थिति संबंधी नियम :-

प्रत्येक विद्यार्थी को प्रत्येक विषय/एन.सी.सी./एन.एस.एस. में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है इसके अभाव में वह विश्वविद्यालय परीक्षाओं से वंचित हो सकता है ।

समय-समय पर उपस्थिति के आंकड़ों की जानकारी प्राप्त करना प्रत्येक विद्यार्थी का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व होगा । तत्संबंधी जानकारी उन्हें प्राध्यापकों तथा विभागाध्यक्षों से संपर्क साधकर प्राप्त करते रहना चाहिए । उपस्थिति में कमी के संबंध में महाविद्यालय विद्यार्थी या उनके पालकों को सूचना देने के लिये उत्तरदायी नहीं है । जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति 15 नवम्बर तक 60 प्रतिशत से कम होगी, उनके परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय को अग्रेषित नहीं किये जाएँगे।

## महाविद्यालयीन परीक्षाएँ :-

विद्यार्थियों को कक्षा में ली जाने वाली आंतरिक परीक्षा तथा अन्य परीक्षाओं में सम्मिलित होना अनिवार्य है ।

## परिचय पत्र:-

महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त करते समय परिचय पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। महाविद्यालय में प्रवेश करते समय एवं विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रम में भाग लेते समय तथा महाविद्यालय में किये जाने वाले समस्त व्यवहारों के समय प्रत्येक विद्यार्थी को अनिवार्य रूप से परिचय पत्र प्रस्तुत करना होगा । परिचय पत्र के बिना विद्यार्थी को महाविद्यालय का छात्र नहीं माना जायेगा । परिचय पत्र गुम हो जाने पर दूसरा परिचय पत्र निर्धारित शुल्क जमा करने पर दिया जायेगा । महाविद्यालय छोड़ने वाले विद्यार्थियों को परिचय पत्र अनिवार्य रूप से कार्यालय में जमा करना होगा ।

## गणवेश :

महाविद्यालय में प्रवेश उपरांत समस्त छात्र-छात्राओं को निर्धारित गणवेश में आना अनिवार्य है।

## एन.एस.एस. (राष्ट्रीय सेवा योजना) :-

महाविद्यालय में एन.एस.एस. की एक पुरूष इकाई कार्यरत है । इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को शहरी बस्तियों और गांवों में समाज सेवा के कार्य करने होते हैं । 240 घंटे की सेवा करने पर तथा सात दिवसीय शिविर पूर्ण करने पर विश्वविद्यालय से 'बी' प्रमाण पत्र मिलता है । समाज सेवा के अंतर्गत श्रमदान, वृक्षारोपण, प्रौढ़ शिक्षा, स्वच्छता, रक्तदान, अल्प बचत, प्राथमिक उपचार आदि कार्य करने होते हैं । तीसरे वर्ष प्रोजेक्ट लिखने व नियमित गतिविधि में भाग लेने पर पर 'सी' प्रमाण-पत्र विश्वविद्यालय से प्राप्त होता है।

## पुस्तकालय, वाचनालय एवं बुक बैंक :-

यू.जी.सी. एवं शासन की सहायता से निर्धन एवं पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के लिए बुक बैंक का गठन किया गया है जिससे विद्यार्थियों को संपूर्ण सत्र के लिए पुस्तकें दी जाती है ।

**नोट -** ऐसे छात्र जो बुक बैंक पुस्तकें लेने की पात्रता रखते हैं विवरणिका में संलग्न फार्म भरकर पुस्तकालय अधिकारी को देंगें । पुस्तकालय के उपयोग के लिए परिचय पत्र का लाना आवश्यक है । जुलाई माह में फीस कार्ड और प्रवेश कार्ड भी प्रस्तुत करना आवश्यक है ।

## साइकिल स्टैण्ड :-

महाविद्यालय में साइकल स्टैण्ड की व्यवस्था है । प्रत्येक विद्यार्थी से पूरे सत्र के लिए शुल्क स्टैण्ड के रख रखाव और संचालन हेतु लिया जाता है । सभी साइकिलें स्टैण्ड पर ही रखी जाएगी । कोई भी विद्यार्थी बरामदे या कमरों, पोर्च आदि में साइकल रखने पर दण्ड का भागी होगा । अन्यत्र साईकल रखने पर अगर गुम होती है तो महाविद्यालय की जिम्मेदारी नहीं होगी ।

सायकल स्टैण्ड हेतु महाविद्यालय में एक समिति का भी गठन किया गया है जो सायकल स्टैण्ड से संबंधित समस्त नियमों एवं नियमों के अनुपालन हेतु उत्तरदायी होगी।

## स्वास्थ्य परीक्षण :-

महाविद्यालय के प्रत्येक छात्र/छात्रा को स्वास्थ्य परीक्षण कराना होगा । यह जाँच किसी चिकित्सक द्वारा नियत तिथि को होगी जिसकी सूचना समय-समय पर विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जायेगी। कुकदुर में स्थित शासकीय चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के साथ रक्त वर्ग परीक्षण भी किया जायेगा।

## अनुशासन व्यवस्था :-

महाविद्यालय में विद्यार्थियों हेतु विभिन्न नियम एवं आचरण संहिता लागू की गई है जिसे प्रत्येक विद्यार्थी को पालन करना अनिवार्य है । महाविद्यालय का प्रत्येक नियमित विद्यार्थी परिचय-पत्र धारण कर ही महाविद्यालय में प्रवेश करेगा । परिचय-पत्र कार्यालय से प्राप्त कर उसे धारण करना विद्यार्थी का कर्तव्य होगा। महाविद्यालय में अनुशासन व्यवस्था और अनुशासनहीनता के मामलों की जांच एवं निर्णय के लिए एक अनुशासन समिति गठित है जिसका निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

## रेडक्रॉस सोसायटी :-

महाविद्यालय में रेडक्रॉस सोसायटी कार्यरत है जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को सेवा कार्य करने की प्रेरणा दी जाती है एवं समय-समय पर रक्तदान शिविर, रक्त वर्ग परीक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण, जन-जागरूकता अभियान इत्यादि आयोजित किये जाते है ।

## खेल विभाग :- महाविद्यालय में खेल की निम्नलिखित सुविधा उपलब्ध है -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. फुटबाल | 2. बालीबाल | 3. बैडमिंटन | 4. क्रिकेट |
| 5. कबड्डी | 6. शतरंज | 7. एथलेटिक्स | 8. हैण्डबाल |
| 9. कैरम | 10. योग | 11. व्यायाम | |

## सूचना का अधिकार :-

प्रशासनिक कार्यो में पारदर्शिता लाने हेतु सूचना के अधिकार का प्रावधान है । नागरिक अधिकारों की सुरक्षा की दृष्टि से यह एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है । समयानुसार विद्यार्थी इसका प्रयोग कर सकते हैं ।

# छत्तीसगढ़ के शासकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिये आचरण - संहिता

## सामान्य नियम :

छत्तीसगढ़ के शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियमों का अक्षरशः पालन करना होगा । इनका पालन न करने पर वह शासन द्वारा निर्धारित दण्डात्मक कार्यवाही का भागीदार होगा ।

1. विद्यार्थी शालीन वेशभूषा में महाविद्यालय में आयेगा । किसी भी स्थिति में उसकी वेशभूषा उत्तेजक नहीं होना चाहिए ।
2. प्रत्येक विद्यार्थी अपना पूर्ण ध्यान अध्ययन में लगाएगा, साथ ही महाविद्यालय द्वारा आयोजित पाठ्येत्तर गतिविधियों में सहभागिता अपेक्षित होगी।
3. महाविद्यालय परिसर में वह शालीन व्यवहार करेगा, अभद्र व्यवहार, असंसदीय भाषा का प्रयोग वाली गाली-गलौज, मारपीट या आग्नेय अस्त्रों का प्रयोग नहीं करेगा ।
4. प्रत्येक विद्यार्थी अपने शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नम्रता एवं भद्रता का व्यवहार करेगा।
5. महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाए रखना प्रत्येक विद्यार्थी का नैतिक कर्तव्य है, वह सरल निर्व्यसन और मितव्ययी जीवन निर्वाह करेगा ।
6. महाविद्यालय की सीमाओं में किसी भी प्रकार के मादक पदार्थो का सेवन सर्वथा वर्जित रहेगा ।
7. महाविद्यालय में इधर-उधर थूकना, दीवालों को गंदा करना या गंदी बातें लिखना सख्त मना है। विद्यार्थी के असामाजिक तथा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।
8. विद्यार्थी अपनी मांगो का प्रदर्शन आंदोलन हिंसा या आतंक फैलाकर नहीं करेगा । विद्यार्थी अपने आप को दलगत राजनीति से दूर रखेगा तथा अपनी मांगों के संबंध में राजनीतिक दलों, कार्यकर्ताओं अथवा समाचार पत्रों का सहारा नहीं लेगा ।
9. कक्षा में मोबाईल का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा ।

## अध्ययन संबंधी नियम :

1. प्रत्येक विषय में विद्यार्थी की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी तथा यह एन.सी.सी./एन.एस.एस. में भी लागू होगी अन्यथा उसे वार्षिक परीक्षा में बैठने की पात्रता नहीं होगी ।
2. विद्यार्थी प्रयोगशाला में उपकरणों का उपयोग सावधानी पूर्वक करेगा एवं उनको स्वच्छ रखेगा ।

3. ग्रंथालय द्वारा स्थापित नियमों का पूर्णत: पालन करेगा, उसे निर्धारित संख्या में सही पुस्तकें प्राप्त होगी तथा समय से नहीं लौटाने पर निर्धारित दण्ड देना होगा ।

4. अध्ययन से सम्बन्धित किसी भी कठिनाई के लिये वह गुरूजनों के समक्ष अथवा प्राचार्य के समक्ष शांतिपूर्वक ढंग से अभ्यावेदन प्रस्तुत करेगा ।

5. व्याख्यान कक्ष, प्रयोगशाला या वाचनालय में पंखे, लाईट, फर्नीचर, इलेक्ट्रिक फिटिंग आदि का तोड़फोड़ करना दण्डात्मक आचरण माना जायेगा ।

## परीक्षा सम्बंधी नियम :

1. विद्यार्थी को सत्र के दौरान होने वाली सभी सतत् आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाओं में सम्मिलित होना अनिवार्य है ।

2. अस्वस्थतावश आंतरिक परीक्षाओं में सम्मिलित न होने की स्थिति में विद्यार्थी शासकीय चिकित्सक से मेडिकल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करेगा तथा स्वस्थ होने के उपरांत परीक्षा देगा ।

3. परीक्षा में या उसके सम्बंध में किसी प्रकार के अनुचित लाभ होने या अनुचित साधनों का प्रयोग करने का प्रयत्न गंभीर दुराचरण माना जाएगा । जिस पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी ।

## महाविद्यालय प्रशासन का अधिकार क्षेत्र -

1. यदि छात्र अनैतिकता मूलक या गंभीर अपराध में अभियुक्त पाया गया तो उसका प्रवेश तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा ।

2. यदि छात्र रैगिंग में लिप्त पाया गया तो छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्थानों में प्रताड़ना प्रतिषेध अधिनियम 2001 के अनुसार रैगिंग किये जाने पर अथवा रैगिंग के लिये प्रेरित करने पर पॉच साल तक कारावास की सजा या पॉच हजार रूपये जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है ।

3. यदि विद्यार्थी समय-सीमा में शुल्क का भुगतान नहीं करता है तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा ।

4. यदि विद्यार्थी प्रार्थना पत्र अथवा आवेदन में तथ्यों को छिपायेगा अथवा गलत प्रस्तुत करेगा तो उसका प्रवेश निरस्त कर उसे महाविद्यालय से पृथक कर दिया जायेगा ।

5. महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदन पत्र में उसके पालक अभिभावक का घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है ।

--00--

**"Find out what you like doing best and get someone to pay you for doint it."**

**- Katharine Whitehorn**

# आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ का गठन 8 जनवरी 2026 को हुआ है।

**विजन (दृष्टिकोण)** (IQAC) : आंतरिक और बाहरी सहयोग से की गई सभी पहलुओं को संस्थागत और आत्मसात करते हुए उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए गुणवत्तापूर्ण संस्कृति को प्राथमिक चिंता के रूप में सुनिश्चित करना ।

**उद्देश्य** (Objective) : संस्थान के शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रदर्शन को सुधारने के लिए सचेत, निरंतर और उत्प्रेरक (catalytic) कार्यवाही के लिए एक प्रणाली विकसित करना IQAC का प्राथमिक उद्देश्य है । गुणवत्ता संस्कृति को आत्मसात करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को संस्थागत बनाने के माध्यम से गुणवत्ता वृद्धि की दिशा में संस्थागत कामकाज के उपायों को बढ़ावा देना ।

**कार्य** (Functions) : IQAC से अपेक्षित कुछ प्रमुख कार्य इस प्रकार है :-

- संस्थान की विभिन्न शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों के लिए गुणवत्ता बेंचमार्क/मानदंडों (Parameters) का विकास और अनुप्रयोग करना ।
- सभी हितधारकों (Stakeholders) तक विभिन्न गुणवत्ता मापदंडों के बारे में जानकारी का प्रसार करना ।
- गुणवत्ता से संबंधित विषयों पर अंतर-संस्थागत (inter-institutional) और अंत:संस्थागत (intra-institutional) कार्यशालाओं, संगोष्ठियों का आयोजन और गुणवत्ता सर्किलों को बढ़ावा देना।
- गुणवत्ता सुधार की दिशा में ले जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों/गतिविधियों का दस्तावेजीकरण (Documentation) करना।
- नैक (NAAC) के दिशा-निर्देशों और मानदंडों के अनुसार वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (IQAR) तैयार करना और जमा करना।

**लाभ** (Benefits) : IQAC निम्नलिखित कार्यो में सुगमता/योगदान प्रदान करेगा -

- गुणवत्ता वृद्धि की दिशा में संस्थागत कामकाज में स्पष्टता और फोकस सुनिश्चित करना।
- गुणवत्ता संस्कृति को आत्मसात् (internationalization) करना सुनिश्चित करना
- संस्थान की विभिन्न गतिविधियों के बीच वृद्धि और समन्वय सुनिश्चित करना और सभी अच्छी प्रथाओं को संस्थागत बनाना ।
- संस्थागत कामकाज के सुधार के लिए निर्णय लेने हेतु एक मजबूत आधार प्रदान करना।
- उच्च शिक्षा संस्थानों (HEIs) में गुणवत्तापूर्ण परिवर्तनों के लिए एक गतिशील प्रणाली के रूप में कार्य करना।
- दस्तावेजी और आंतरिक संचार की एक संगठित पद्धति का निर्माण करना।

महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गुणवत्ता उन्नयन की दिशा में किये गये कार्य -

1. राज्य के 6 अन्य महाविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित।
2. संकाय संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन । (Faculty Enrichment Programme)
3. संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन। (Faculty Development Programme)
4. छात्र विकास कार्यक्रम का आयोजन । (Student Development Programme)
5. अतिथि व्याख्यान माला का आयोजन । (Guest Lecture Series)
6. सरस्वती मुक्ताकाश मंच एवं ज्ञान-पथ की स्थापना ।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : एक परिचय

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्यों ?

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का भाव लिये गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, विषय संबंधित ज्ञान के साथ कौशल विकास, मूल्यपरक तथा रोजगारोन्मुखी शिक्षा की ओर उन्मुख करती है।
- इस नीति में सतत् मूल्यांकन का प्रावधान है जिससे विद्यार्थियों के मानसिक उर्जा के साथ बौद्धिक क्षमता में भी वृद्धि होगी।
- सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रम होने के कारण विद्यार्थियों को परीक्षा का तनाव नहीं होगा।
- बहु-विषयक प्रणाली पर आधारित यह नीति विद्यार्थियों को उनकी इच्छानुसार दूसरे संकाय के विषयों का अध्ययन करने की स्वतंत्रता देती है।
- पाठ्यचर्या में भारतीय ज्ञान पद्धति के समावेश के साथ पाठ्येत्तर गतिविधियों को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।
- प्राद्योगिकी के अनुकूलतम उपयोग पर बल दिया गया है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य प्रावधान :

- 03/04 वर्षीय बहु-संकायी स्नातक पाठ्क्रम
- समस्त पाठ्यक्रम क्रेडिट पर आधारित होने के साथ ही चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के अंतर्गत होंगे।
- 03/04 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम को विद्यार्थी अधिकतम 07 वर्षों में पूर्ण कर सकता है।
- पाठ्यक्रम अवधि में विद्यार्थी ''बहु-प्रवेश, बहु-निकास'' प्रावधान के अंतर्गत प्रथम वर्ष पूर्ण कर किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ देता है तो उसे उस संकाय के अंतर्गत 'सर्टिफिकेट' दो वर्ष पूर्ण कर छोड़ने पर 'डिप्लोमा' की उपाधि दी जायेगी एवं तृतीय वर्ष पूर्ण करने पर 'स्नातक' की उपाधि प्राप्त कर पाठ्क्रम को छोड़ सकता है।
- जिन विद्यार्थियों को विषय विशेष में विशेषज्ञता प्राप्त करने या शोध करने की इच्छा हो वे पाठ्यक्रम को निरंतर चौथे वर्ष में जारी रख सकते हैं एवं 'आनर्स/आनर्स विथ रिसर्च' की उपाधि चौथे वर्ष में प्राप्त कर सकते है।
- इस नीति के अंतर्गत बहु-विषयक शिक्षा, वैचरिक समझ एवं आलोचनात्मक सोच, नैतिक मूल्यों के साथ कौशल विकास को भी पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है।
- सतत् आंतरिक मूल्यांकन में 30: अंक एवं अंत सेमेस्टर परीक्षा में 70% अंको का प्रावधान रखा गया है। विद्यार्थी को उत्तीर्ण होने हेतु इन दोनो को मिलाकर (आंतरिक एवं सेमेस्टर परीक्षा) कुल 40 प्रतिशत प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
- जेनेरिक एलेक्टिव के अंतर्गत कला/विज्ञान/वाणिज्य संकाय का विद्यार्थी अपने संकाय के अतिरिक्त अन्य संकाय के किसी एक विषय को अपनी इच्छानुसार ले सकता है।
- विद्यार्थी शिक्षा के ऑनलाईन प्लेटफार्म यथा SWAYAM / MOOC में उपलब्ध पाठ्यक्रमों से भी विषय से संबंधित पाठ्क्रम की पढ़ाई कर सकता है।
- स्वाध्यायी छात्रों का समयबद्ध नामंकन और सतत मूल्यांकन द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना।

## पूर्व की शिक्षा नीति एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अंतर :

| शिक्षा नीति 1986 | राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 |
|---|---|
| 03 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम | 03/04 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम |
| वार्षिक प्रणाली | सेमेस्टर प्रणाली |
| क्रेडिट आधारित पाठ्यक्रम नहीं था | क्रेडिट आधारित पाठ्यक्रम एवं अन्य संकाय के विषय चुनने की स्वतंत्रता |
| आंतरिक मूल्यांकन की व्यवस्था नहीं थी | आंतरिक मूल्यांकन में 30% एवं अंत सेमेस्टर में 70% अंको का प्रावधान |
| आनर्स पाठ्यक्रम नहीं था | आनर्स/आनर्स विथ रिसर्च पाठ्यक्रम चौथे वर्ष के विद्यार्थियों के लिये उपलब्ध होगा। |
| इंटर्नशिप एवं एंट्रेप्रेन्यूरशिप की व्यवस्था नहीं थी | इंटर्नशिप एवं एंट्रेप्रेन्यूरशिप को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। |
| स्नातक पाठ्यक्रम के मध्य में पढ़ाई छोड़ने पर कोई भी उपाधि नहीं मिलती थी | प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष के पश्चात पढ़ाी छोड़ने पर क्रमशः सर्टिफिकेट /डिप्लोमा की उपाधि प्राप्त होगी। |

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लाभ :

- विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ।
- मूल्य परक, कौशल विकास, क्षमता संवर्धन के साथ जेनेरिक इलेक्टिव विषय के अध्ययन से स्वरोजगार के अवसर में वृद्धि।
- विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच, डिजिटल साक्षरता के साथ रोजगार क्षमता एवं शारीरिक विकास को बढ़ाव देते हुये भविष्य की चुनौतियों के लिये तैयार करता है।
- पूरे प्रदेश में समरूप शिक्षा होने से वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ना।

## Pool of Value Addition Courses (VAC)

| S.No | Course Code | Course Title | Course Conduction |
|---|---|---|---|
| 1 | BOVAC-01 | Herbal plant and human health | प्रति सत्र सूची में उपलब्धता के आधार पर विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा परिवर्तन किया जा सकेगा। |
| 2 | CHVAC-01 | Chemistry in Daily Life | |
| 3 | COVAC-01 | Concepts Of Business | |
| 4 | COVAC-02 | Fundamental of Stock Market | |
| 5 | COVAC-03 | Investing of Stock Market | |
| 6 | GOVAC-01 | Geographical Knowledge in Ancient India | |
| 7 | HNVAC-01 | संम्भाषण कौशल | |
| 8 | PAVAC-01 | Panchayati Raj System | |
| 9 | PSVAC-01 | Constitutional Value | |
| 10 | SOVAC-01 | Indian Tradition and Values | |
| 11 | ZOVAC-01 | Public Health and Hygiene | |

## Pool of Skill Enhancement Courses (SEC)

| S.No | Course Code | Course Title | Course Conduction |
|---|---|---|---|
| 1 | BOSEC-01 | Gardening and Floriculture | प्रति सत्र सूची में उपलब्धता के आधार पर विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा परिवर्तन किया जा सकेगा। |
| 2 | CHSEC-01 | Chemical Analysis Techniques | |
| 3 | COSEC-01 | Accounting For Every One | |
| 4 | COSEC-02 | Banking Operation | |
| 5 | COSEC-03 | E-Filling of Returns | |
| 6 | COSEC-04 | Logistic Management | |
| 7 | ENSEC-01 | Creative Writing | |
| 8 | GOSEC-01 | Principle Of Map Making | |
| 9 | HNSEC-01 | सम्प्रेषण कला एवं सर्जनात्मक हिन्दी | |
| 10 | PSSEC-01 | Citizenship Duties and E-Governance | |
| 11 | SOSEC-01 | Ethics ,Politics and Skill in Social Research | |
| 12 | ZOSEC-01 | Vermiculture | |

## जनेरिक इलेक्टिव कोर्स (GE) हेतु विकल्प

| मूल संकाय जिसमें प्रवेश लिया गया है। | जनेरिक इलेक्टिव कोर्स (GE) हेतु विकल्प |
|---|---|
| कला संकाय | महाविद्यालय में विज्ञान संकाय/वाणिज्य संकाय के अंतर्गत संचालित मूल विषय |
| विज्ञान संकाय | महाविद्यालय में कला संकाय/वाणिज्य संकाय के अंतर्गत संचालित मूल विषय |
| वाणिज्य संकाय | महाविद्यालय में विज्ञान संकाय/कला संकाय के अंतर्गत संचालित मूल विषय |

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020
## स्नातक पाठ्यक्रम

### प्रथम सेमेस्टर (I Semester)

| क्रं. | कक्षा | विषय | Credits |
|---|---|---|---|
| 1- | B.A. I SEMESTER | AEC – Hindi Language<br>DSC- Compulsory Subject- 3<br>1- Political Science<br>2- Sociology<br>3- Hindi Literature<br>GE- One Subject From Other Faculty<br>VAC- Any One From Pool | 20 Credits |
| 2. | B.Sc. I SEMESTER (BIO GROUP) | AEC – English Language<br>DSC- Compulsory Subject- 3<br>1- Zoology<br>2- Botany<br>3- Chemistry<br>GE- One Subject From Other Faculty<br>VAC- Any One From Pool | 20 Credits |
| 3. | B.Com. I SEMESTER | AEC – Environmental Studies<br>DSC- 3 Subject<br>1- Fundamental Of Accounting<br>2- Business Law<br>3- Business Economics<br>GE- One Subject From Other Faculty<br>VAC- Any One From Pool | 20 Credits |

### द्वितीय सेमेस्टर (II Semester)

| क्रं. | कक्षा | विषय | |
|---|---|---|---|
| 1- | B.A. II SEMESTER | AEC – Environmental Studies<br>DSC- Compulsory 3 Subject<br>GE- One Subject From Other Faculty<br>SEC- Any One From Pool | 20 Credits |
| 2. | B.Sc. II SEMESTER (BIO GROUP) | AEC – Hindi Language<br>DSC- (Compulsory Subject)<br>4- Zoology<br>5- Botany<br>6- Chemistry<br>GE- One Subject From Other Faculty<br>SEC- Any One From Pool | 20 Credits |
| 3. | B.Com. II SEMESTER | AEC – English Language<br>DSC- 3<br>4- Business Accounting<br>5- Business Mathematics<br>6- Business Environment<br>GE- One Subject From Other Faculty<br>SEC- any one from pool | 20 Credits |

## तृतीय सेमेस्टर (III Semester)

| क्रं. | कक्षा | विषय | |
|---|---|---|---|
| 1- | B.A. III SEMESTER | AEC – English Language<br>DSC- Compulsory 3 Subject<br>DSE (01) - Anyone from Selected DSC OR GE (One Subject From Other Faculty)<br>VAC- Any One From Pool | 20 Credits |
| 2. | B.Sc. III SEMESTER (BIO GROUP) | AEC – Environmental Studies<br>DSC- (Compulsory Subject)<br>7- Zoology<br>8- Botany<br>9- Chemistry<br>DSE (01) - Anyone from Selected DSC OR GE (One Subject From Other Faculty)<br>VAC- Any One From Pool | 20 Credits |
| 3. | B.Com. III SEMESTER | AEC – Hindi Language<br>DSC- 3<br>7- Corporate Accounting<br>8- Company Law<br>9- Principles of Management<br>DSE (01) - Anyone from Selected DSC OR GE (One Subject From Other Faculty)<br>VAC- Any One From Pool | 20 Credits |

## चतुर्थ सेमेस्टर (IV Semester)

| क्रं. | कक्षा | विषय | |
|---|---|---|---|
| 1- | B.A. IV SEMESTER | AEC – Communicative Language<br>DSC- All Compulsory Subjects<br>DSE (01) - Anyone from Selected DSC OR GE- (One Subject From Other Faculty)<br>SEC- Any One From Pool | 20 Credits |
| 2. | B.Sc. IV SEMESTER (BIO GROUP) | AEC – Communicative Language<br>DSC- (Compulsory Subject)<br>10- Zoology<br>11- Botany<br>12- Chemistry<br>DSE (02) - Anyone from Selected DSC OR GE - (One Subject From Other Faculty)<br>SEC - Any One From Pool | 20 Credits |
| 3. | B.Com. IV SEMESTER | AEC – Communicative Language<br>DSC- 3<br>10- Business Statistics<br>11- Cost Accounting<br>12- Fundamental Of Entrepreneurship<br>DSE (01) - Anyone from Selected DSC OR GE - (One Subject From Other Faculty)<br>SEC - Any One From Pool | 20 Credits |

## पंचम सेमेस्टर (V Semester)

| क्रं. | कक्षा | विषय | |
|---|---|---|---|
